भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2725

25 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

झारखंड और बिहार में आयुष योजनाएं

2725. श्री खीरू महतो:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में झारखंड और बिहार राज्यों में सरकार द्वारा मंत्रालय के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का झारखंड और बिहार में योग केंद्र खोलने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय झारखंड और बिहार सहित देश में आयुष पद्धति के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, झारखंड और बिहार सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को, उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों के सापेक्ष और एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। यह मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है:-

i. आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नाम दिया गया है।
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना।
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन।
iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास) के लिए भवन का निर्माण/ उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।
v. 10/30/50 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना।
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी औषधियों की आपूर्ति।
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम।
viii. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है।

ix. आयुष स्नातक संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/पीजी/फार्मेसी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए झारखंड और बिहार में योग केंद्र खोलना संबंधित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत, 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता का प्रावधान है, जिसमें योग और प्राकृतिक चिकित्सा गतिविधि का प्रावधान भी शामिल है। तदनुसार, राज्य सरकार एसएएपी के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। इसके अलावा, एसएएपी के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों में 12500 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) को कार्यशील करने हेतु अनुमोदित किया गया है, जिसमें अंशकालिक योग प्रशिक्षकों द्वारा समुदाय को योग सत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

*****